केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान
(भारत सरकार की सोसाइटी, विद्युत मंत्रालय)
पोस्ट बॉक्स सं.8066, प्रो.सर.सी.वी.रामन रोड
सदाशिवनगर डाक घर, बेंगलूरू - 560 080

विज्ञापन सं : सीपीआरआई/09/2024

केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्थान है जो विद्युत आपूर्ति प्रणालियों के जनन, पारेषण, वितरण एवं प्रचालन के क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास में कार्यरत है। सीपीआरआई, गुणता आश्वासन में तथा उत्पाद के विकास में वैद्युत उद्योग की सहायता करने हेतु विद्युत शक्ति इंजीनियरी में अनुप्रयुक्त अनुसंधान आरंभ करने तथा समन्वित करने के लिए एक शीर्ष निकाय के तौर पर कार्यरत है । सीपीआरआई विद्युत उपकरण के परीक्षण एवं प्रमाणीकरण हेतु एक स्वतंत्र प्राधिकरण के तौर पर भी सेवारत है। **सीपीआरआई, बेंगलूर** में निम्न सूचित **पूर्ण रूप से अस्थायी** पद के लिए सीपीआरआई आवेदन आमंत्रित करता है। **यह पद अस्थायी प्रकृति का है**, **नियुक्ति की अवधि एक वर्ष के लिए है तथा प्रदर्शन के आधार पर एक और वर्ष के लिए बढ़ाया जा सकता है ।** सीपीआरआई कोई कारण दिए बिना पद भरने या विज्ञापन रद्द करने का अधिकार रखता है।

पद का विवरण	**शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव**
परियोजना इंजीनियर पदों की संख्या – 2 समेकित पारिश्रमिक रु.45,000/- प्रति माह (सभी सम्मिलित) आयु सीमा - आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को 30 वर्ष से अधिक नहीं।	संरचनात्मक इंजीनियरी सिविल में एम.ई/एम.टेक. के साथ संरचनात्मक विश्लेषण, स्टील/कंक्रीट संरचनाओं के डिजाइन, ट्रांसमिशन लाइन टावर/मोनोपोल के डिजाइन और उनकी नींव में 2 वर्ष का कार्य अनुभव। एफईएम आधारित संरचनात्मक विश्लेषण सॉफ्टवेयर, ड्राफ्टिंग सॉफ्टवेयर ऑटोकैड, एमएस ऑफिस जैसे प्रोग्राम का अच्छा ज्ञान।

आवेदन कैसे दें :

1	उम्मीदवारों को सीपीआरआई की वेबसाइट https://cpri.res.in से निर्धारित **आवेदन प्रारूप** डाउनलोड करना है तथा सभी प्रकार से आवेदन को भरना है एवं शैक्षिक योग्यता, प्रमाण पत्र आदि के सभी प्रमाणपत्रों की स्व-सत्यापित प्रतियों को संलग्न करना है।
2	पूर्ण आवेदन (अपेक्षित संलग्नकों के साथ) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई), पोस्ट बॉक्स सं. 8066, प्रो सर. सी वी रामन रोड, सदाशिवनगर डाक घर, बेंगलूर - 560080, को **13.12.2024** तक लिफ़ाफ़े के ऊपर "**परियोजना इंजीनियर (एमईडी) के पद के लिए आवेदन**" लिखकर डाक द्वारा भेजना है। निश्चित तारीख के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।